



नवभारत
भोपाल, सोमवार 09 मार्च 2026


# सरसों के खेत में छिपी अफीम की खेती



## महिला टीआई की छापेमारी में 50 हजार से अधिक पौधे जब्त

छतरपुर, 08 मार्च. जिलें में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अफीम की खेती का पर्दाफाश किया है. गढ़ी मलहरा थाना पुलिस ने उर्दमऊ गांव में सरसों के खेत के भीतर छिपाकर की जा रही अफीम की खेती पर छापा मारकर करीब 50 हजार से अधिक पौधे जब्त किए हैं, जिनकी कीमत करोड़ों रुपये बताई जा रही है.

पुलिस के अनुसार गांव निवासी मलखान कुशवाहा अपने खेत में सरसों की आड़ में अफीम की अवैध खेती कर रहा था. इस बात की भनक गांव में किसी को नहीं थी, लेकिन मुखबिर से मिली गुप्त सूचना के बाद थाना प्रभारी रीता सिंह ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया. इसके बाद छह पुलिस जवानों की टीम तैयार कर देर रात खेत पर दबिश दी गई. पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो खेत का नजारा देखकर हैरान रह गई. जहां सरसों की फसल होनी चाहिए थी, वहां बड़ी संख्या में अफीम के पौधे लगे हुए थे. पुलिस ने आरोपी किसान को मौके से गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में उसने बताया कि वह करीब आधा एकड़ जमीन में यह अवैध खेती कर रहा था. थाना प्रभारी रीता सिंह के अनुसार जब पौधों की गिनती कराई गई तो उनकी संख्या 50 हजार से अधिक निकली. इतने बड़े पैमाने पर अवैध खेती मिलने से पुलिस भी चौंक गई.

पुलिस ने पूरी फसल जब्त कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है. अधिकारियों का कहना है कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी.



# महिला दिवस पर आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से जनसंवाद

## महिला सशक्तिकरण के विषय में दी जानकारी

चंदला, 08 मार्च. जिले के चंदला थाना परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया. थाना प्रभारी संदीप दीक्षित ने आशा पर्यवेक्षकों, आशा कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को थाने में आमंत्रित कर उनसे संवाद किया और महिला सशक्तिकरण के विषय में जानकारी दी.

कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में किया गया. इस दौरान थाना प्रभारी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि गांव या क्षेत्र में किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधि होती है, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें. उन्होंने कहा कि पुलिस हमेशा आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए तत्पर है और महिलाओं को बिना किसी डर के अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए.

> कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी ने सभी महिला कार्यकर्ताओं का सम्मान किया और उनके लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था भी की गई. इस अवसर पर महिलाओं को समाज में भयमुक्त वातावरण में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया.

संदीप दीक्षित ने महिलाओं को यह भी बताया कि यदि गांव या रास्ते में कोई असामाजिक तत्व, गुंडा या शराब के नशे में व्यक्ति उन्हें परेशान करता है या अभद्र व्यवहार करता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें. उन्होंने अपना मोबाइल नंबर भी सभी कर्मचारियों को दिया और कहा कि ऐसी स्थिति में सीधे उन्हें फोन किया जा सकता है.



# स्टोन क्रेशर ब्लास्टिंग से दहशत

## तेज धमाकों से घरों में दरारें, फसलें भी हो रहीं बर्बाद

- ग्रामीणों ने अवैध खनन और प्रदूषण का लगाया आरोप
- स्कूल और आंगनवाड़ी के पास खदान, बच्चों की सुरक्षा पर खतरा
- तालाब में प्लांट का कचरा डालने का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

छतरपुर, 08 मार्च. जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पंचायत मोरबा में संचालित एक स्टोन क्रेशर खदान को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है. ग्रामीणों का आरोप है कि 'निर्भय स्टोन क्रेशर एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी' द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए अवैध खनन और भारी ब्लास्टिंग की जा रही है. तेज धमाकों के कारण आसपास के घरों में दरारें पड़ रही हैं और उड़ती धूल से खेतों की फसलें भी प्रभावित हो रही हैं.

> ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक खदान संचालक के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है. उल्टा विरोध करने पर धमकियां मिलने की भी बात सामने आई है. आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कर अवैध खनन, प्रदूषण और ब्लास्टिंग पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है.

मोरबा और कछियाना के बीच स्थित पुरवा बस्ती के लोगों का कहना है कि खदान में 30 से 40 फीट गहरे गड्ढे कर जोरदार विस्फोट किए जा रहे हैं. इन धमाकों की आवाज और कंपन इतने तीव्र होते हैं कि आसपास के पक्के मकानों की दीवारों में दरारें आ गई हैं और कई घरों की छतों के खप्पर टूटकर गिर गए हैं. अचानक होने वाले इन विस्फोटों से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है. कुछ पालतू पशुओं के घायल होने की भी जानकारी सामने आई है.

ग्रामीणों के अनुसार खदान से महज करीब 100 मीटर की दूरी पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय, सेवा सहकारी समिति और आंगनवाड़ी केंद्र स्थित हैं. इसके अलावा पुरवा बस्ती लगभग 300 मीटर और मोरबा गांव करीब 500 मीटर दूरी पर है. ऐसे में यहां पढ़ने वाले बच्चों और आसपास रहने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है.

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि मोरबा मार्ग पर स्थित ऐतिहासिक झीना तलैया में प्लांट का कचरा डाला जा रहा है, जिससे तालाब का पानी दूषित हो गया है और मछलियों सहित अन्य जलजीवों के मरने की घटनाएं सामने आ रही हैं. साथ ही बिना अनुमति के करीब साढ़े तीन एकड़ क्षेत्र में प्लांट संचालित कर बिना नंबर वाले डंपरों से ओवरलोड परिवहन किए जाने का भी आरोप है.

गौशालाओं में बदहाली

# चार दिन में 7 गौवंश की मौत

- डंठल से भर रहे पेट

**चंदला, 08 मार्च. गौरीहार जनपद पंचायत क्षेत्र में गौवंश संरक्षण के लिए बनाई गई गौशालाओं की स्थिति चिंताजनक सामने आ रही है.**

फसलों को आवारा पशुओं से बचाने और गौवंश को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जनपद की 15 ग्राम पंचायतों में गौशालाएं स्वीकृत की गई थीं, लेकिन अधिकांश गौशालाएं अधूरी पड़ी हैं और जो संचालित हैं, वहां भी पशुओं की हालत बेहद दयनीय बनी हुई है. कई जगह गौवंश को न तो पर्याप्त चारा मिल रहा है और न ही पानी, जिसके कारण उनकी मौत तक हो रही है. ग्राम पंचायत डेढ़ीकबरी स्थित गोविंद गौशाला की क्षमता करीब 100 गौवंश रखने की है, लेकिन मौके पर मात्र 35 गौवंश ही मौजूद मिले. भूसे के अभाव में गायें खेतों के सूखे डंठल खाकर पेट भरने को मजबूर हैं.

ग्राम पंचायत घूर के गौठान में हालात और भी खराब बताए जा रहे हैं. ग्रामीणों के अनुसार बंद गौवंश को समय पर चारा और पानी नहीं मिलने से बीते चार दिनों में सात गौवंश की मौत हो चुकी है.

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संगम सेवालय का आयोजन

## एंजेल पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम

- कई महिलाओं का सम्मान

**छतरपुर, 08 मार्च. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. संगम सेवालय द्वारा सागर रोड स्थित एंजेल पब्लिक स्कूल में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर की बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.**

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को प्रोत्साहित करना और समाज में उनके योगदान को सम्मान देना रहा. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया उपस्थित रहीं. वहीं ब्रह्मकुमारी आश्रम से बहन रीना और बहन कल्पना की विशेष उपस्थिति रही. इस अवसर पर वक्ताओं ने महिलाओं की समाज में महत्वपूर्ण भूमिका, उनकी उपलब्धियों और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की.

द्वउन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं.



कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहन रीना और बहन कल्पना सहित कई महिलाओं को सम्मानित किया गया. सम्मान पाकर महिलाओं ने खुशी व्यक्त की और ऐसे आयोजनों को प्रेरणादायी बताया. संगम सेवालय की अंजू अवस्थी और विपिन अवस्थी ने कार्यक्रम का संयोजन किया. उन्होंने सभी अतिथियों और उपस्थित महिलाओं का स्वागत करते हुए महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि समाज में महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन और सम्मान मिलना बेहद जरूरी है. आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

# सीट विवाद में युवक की बेरहमी से पिटाई

छतरपुर, 08 मार्च. जिले के बड़ामलहरा बस स्टैंड पर सीट को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया. सागर जाने के लिए बस में सवार हुए एक युवक पर कुछ लोगों ने मिलकर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

जानकारी के अनुसार बड़ामलहरा निवासी राहुल विश्वकर्मा (26) गोल्डन बस से सागर जाने के लिए बस में बैठे थे. इसी दौरान सीट को लेकर उनकी एक यात्री से कहासुनी हो गई. देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और करीब दस युवकों ने मिलकर राहुल के साथ मारपीट शुरू कर दी. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों, लात-घूंसों और बस में मौजूद टायर लीवर से युवक पर हमला कर दिया. इस दौरान राहुल के हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आईं. घटना के दौरान बस चालक बस को आगे लेकर निकल गया, लेकिन एक व्यक्ति ने मोटरसाइकिल से बस का पीछा किया और थाने के पास बस के सामने गाड़ी खड़ी कर दी, जिससे बस रुक गई. इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने बस में मौजूद पांच लोगों को हिरासत में ले लिया, जबकि अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए.




> घायल राहुल विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने पकड़े गए कुछ आरोपियों को छोड़ दिया. फिलहाल उनका उपचार जारी है. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है. पीड़ित ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है.

## 55 लाख की बेटी विवाह वाटिका उद्‌घाटित

छतरपुर, 08 मार्च. जिले के राजनगर जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम टिकुरी में लगभग 55 लाख रुपये की लागत से निर्मित पहली 'बेटी विवाह वाटिका' का उद्घाटन विधायक अरविंद पटेरिया ने किया. इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे. विधायक अरविंद पटेरिया ने बताया कि राजनगर जनपद क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 40 बेटी विवाह वाटिकाएं बनाने की योजना है. उन्होंने कहा कि इन वाटिकाओं का उद्देश्य ग्रामीण परिवारों को बेटियों के विवाह के लिए शहरों की तरह महंगे मैरिज गार्डन बुक करने की परेशानी से राहत देना है.

# जमीन विवाद में युवक पर हमला

- रॉड, सरिया और डंडों से पीटकर किया घायल

छतरपुर 8 मार्च. छतरपुर जिले के सटई थाना क्षेत्र के ग्राम रगोली में जमीनी विवाद के चलते एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. दुकान पर सेविंग कराने गए युवक पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया.

जानकारी के अनुसार रक्षपाल यादव (26) पिता साहब सिंह यादव, निवासी ग्राम छापर, रविवार सुबह करीब 10 बजे रगोली गांव में एक दुकान पर सेविंग कराने पहुंचे थे. इसी दौरान पुराने जमीनी विवाद को लेकर चार लोगों राकेश सिंह, संजय यादव, अनुरुद्ध सिंह और जितेंद्र यादव ने उनसे कहासुनी शुरू कर दी. देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोपियों ने युवक पर हमला कर दिया. आरोप है कि हमलावरों ने रॉड, सरिया और डंडों से रक्षपाल यादव की बेरहमी से पिटाई कर दी. मारपीट के दौरान युवक को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं. घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव किया और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही सटई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी. घायल रक्षपाल यादव को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है.



पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में घटना का कारण पुराना जमीनी विवाद सामने आया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है.

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

- देर रात बाइक से घर लौटते समय हुआ हादसा

**छतरपुर, 08 मार्च. सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई. देर रात बाइक से घर लौट रहे युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामदीन साहू (36) पिता हरिराम साहू, निवासी हनुमान टोरिया के पीछे, सागर रोड पर फुलकी बेचने का काम करते थे. शनिवार देर रात वह अपनी बाइक से काम खत्म कर घर लौट रहे थे. इसी दौरान चौबे तिराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी.

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायल रामदीन साहू को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी.

धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री बोले | दिव्य दरबार में शिक्षा व्यवस्था, महंगी दवा और सस्ती शराब पर जताई चिंता

# ऑनलाइन गेमिंग पर सख्ती जरूरी

**छतरपुर,08 मार्च. बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने देश में तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन गेमिंग के चलन को लेकर चिंता व्यक्त की है. उन्होंने कहा कि भारत में चल रहे मनोरंजन आधारित ऑनलाइन गेमिंग ऐप्स पर सख्त नियंत्रण लगाया जाना चाहिए. उनकी जगह कौशल और ज्ञान से जुड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म को बढ़ावा दिया जाए, तो युवाओं की ऊर्जा सही दिशा में लग सकती है.**



दिव्य दरबार के दौरान उन्होंने कहा कि आज का युवा तकनीक के साथ आगे बढ़ना चाहता है, लेकिन उसे सही दिशा देना जरूरी है. यदि युवाओं को स्किल डेवलपमेंट, नई तकनीक सीखने और रोजगार से जुड़े प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराए जाएं, तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं. इस दौरान उन्होंने देश की सामाजिक व्यवस्था पर भी टिप्पणी की. उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह बन गई है कि देश में दारू सस्ती और दवा महंगी हो गई है. साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा धीरे-धीरे निजी संस्थानों तक सीमित होती जा रही है, जिससे सामान्य परिवारों के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है.

> शिक्षा व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि केवल किताबों का ज्ञान, इंटरनेट या एआई से मिली जानकारी पर्याप्त नहीं है. यदि भारत को अपनी संस्कृति और मूल्यों के साथ आगे बढ़ना है, तो गुरु-शिष्य परंपरा और गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को फिर से मजबूत करना होगा. उन्होंने कहा कि जब बच्चों को पढ़ाई के साथ जीवन मूल्यों और संस्कारों की समझ भी मिलेगी, तभी एक जागरूक और सशक्त पीढ़ी तैयार होगी, जो भविष्य में भारत को ज्ञान और संस्कृति के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शक बना सकती है.

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने किया बमनौरा थाना का निरीक्षण



छतरपुर, 08 मार्च. जिले के बड़ामलहरा अनुभाग अंतर्गत थाना बमनौरा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले ने निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अभिलेखों के संधारण की स्थिति की समीक्षा की. साथ ही मालखाना का निरीक्षण कर वहां रखे गए जब्त सामान और रिकॉर्ड की जांच की.

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की और थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण किया जाए. उन्होंने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने तथा क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ाने पर भी जोर दिया, ताकि कानून-व्यवस्था मजबूत बनी रहे.